# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
(फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; ईमेल: crpd@sbi.co.in)

## भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियमित आधार पर भर्ती
## विज्ञापन सं. CRPD/SCO/2020-21/28

**1. आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का ऑनलाइन भुगतान: दिनांक 22.12.2020 से 11.01.2021 तक**
**2. ऑनलाइन परीक्षा की तिथि (संभावित): 01.02.2021**
**3. ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करने की (संभावित) तिथि: 22.01.2021 से**

भारतीय स्टेट बैंक निम्नलिखित विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारी पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से ऑन–लाइन आवेदन करता है. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers या https://www.sbi.co.in/web/careers में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑन–लाइन आवेदन करें.

1. एक अभ्यर्थी केवल एक पद के लिए आवेदन कर सकता/सकती है.
2. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले जमा करवा दिया गया है.
3. आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं.
4. अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी प्रलेख अपलोड करें (संक्षिप्त जीवन वृत्त, आईडी प्रमाण, आयु प्रमाण, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि) ऐसा नहीं करने पर उन्हें योग्य अभ्यर्थियों की सूची में शामिल करने/ऑनलाइन लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा.
5. ऑनलाइन परीक्षा में प्रवेश/चयनित सूची बनाना दस्तावेजों के सत्यापन के बिना पूर्णतया अनंतिम होगा. अभ्यर्थिता सभी ब्यौरों/दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से सत्यापन के अधीन होगी जब अभ्यर्थी के साक्षात्कार (यदि बुलाया जाता है) के लिए रिपोर्ट करता है.
6. यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है (आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि) तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी.
7. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers** या **https://www.sbi.co.in/web/careers** को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें छांट कर बुलाए जाने/योग्य अभ्यर्थियों की सूची शामिल है). **ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर और "acquaint yourself" बुकलेट रजिस्ट्रेशन नंबर तथा पासवर्ड/जन्म तिथि दर्ज करके बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड किया जाए. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर, जहां अपेक्षित होगा, केवल ईमेल से भेजा जाएगा. (कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी).**
8. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक आते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा.
9. **इस कार्यालय को कागजी आवेदन** और अन्य प्रलेखों की प्रतियां न भेजें.
10. **सभी संशोधन/शुद्धि पत्र केवल बैंक की उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही अपलोड किया जाएगा.**

### क. पद/ग्रेड/रिक्तियां/उम्र/चयन प्रक्रिया/तैनाती का स्थान का विवरण:

| पद क्र.सं. | पद | ग्रेड | रिक्त पद $ | | | | | | | | 31.10.2020 को उम्र | | चयन प्रक्रिया | तैनाती का स्थान % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामा. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | ईडब्ल्यूएस | कुल | पी.डब्ल्यू.डी. एल.डी. (ओएल/ओए) | पी.डब्ल्यू.डी. एचआई | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1. | सहायक प्रबंधक (सिस्टम)* | JMGS-I | 94 | 45 | 28 | 16 | - | 183 | 7 | 4 | – | 30 | ● ऑनलाइन लिखित परीक्षा और ● साक्षात्कार | नवी मुंबई |
| 2. | उप प्रबंधक (सिस्टम)* | MMGS-II | 14 | 2 | – | 1 | - | 17 | 1 | – | – | 33 | | |
| 3. | आईटी सुरक्षा विशेषज्ञ* | MMGS-III | 9 | 3 | 2 | 1 | - | 15 | 1 | – | – | 38 | | |
| 4. | परियोजना प्रबंधक* | MMGS-III | 9 | 3 | 1 | 1 | - | 14 | 1 | – | – | 38 | | |
| 5. | एप्लिकेशन आर्किटैक्ट* | MMGS-III | 4 | 1 | – | – | – | 5 | – | – | – | 38 | | |
| 6. | टेकनिकल लीड* | MMGS-III | 1 | 1 | – | – | – | 2 | – | – | – | 38 | | |

* पद क्र.सं. 1 से 6 में से अभ्यर्थी केवल एक पद के लिए ही आवेदन कर सकता है.

% तैनाती का स्थान केवल सांकेतिक है. चुने गए अभ्यर्थी को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है.

$ सभी रिक्त पद बैक्लाग रिक्त पद है जो कि पिछले भर्ती वर्ष से संबंधित है एवं वर्तमान भर्ती वर्ष में फिर से विज्ञापित किये जा रहे हैं.

**संक्षेपाक्षर: श्रेणी:** सामान्य – सामान्य; अ.पि.व. – अन्य पिछड़ा वर्ग; अ.जा. – अनुसूचित जाति, अ.ज.जा. – अनुसूचित जनजाति; ईडब्ल्यूएस – आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग; पीडब्ल्यूडी – शारीरिक रूप से अशक्त अभ्यर्थी; एल.डी.– लोकोमोटिव अशक्तता; ओ.एल.- एक पैर की बाधकता, ओ.ए.- एक हाथ की बाधकता, एच.आई.- श्रवण दोषी; JMGS - कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान; MMGS - मध्यम प्रबंधन श्रेणी वेतनमान;

**नोट:**

1. ऐसे अभ्यर्थी जो ओबीसी श्रेणी से संबंधित हैं लेकिन 'क्रीमी लेयर' से आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण एवं आयु छूट के लिए पात्र नहीं होंगे. उन्हें अपनी श्रेणी 'सामान्य' या सामान्य (पीडब्ल्यूडी), के रूप में दर्शाना चाहिए.
2. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्त–पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है.
3. बैंक के पास किसी भी समय इस भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.
4. अजा/अजजा अभ्यर्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण–पत्र जमा करना होगा.
5. ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण माँगने वाले अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित प्रारूप में एक घोषणा जमा करवानी होगी कि वह आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की आखरी तिथि को क्रीमी लेयर से नहीं है. 'नॉन क्रीमी लेयर' अनुच्छेद वाला ओबीसी प्रमाण–पत्र जो 01.04.2020 से साक्षात्कार की तिथि के दौरान जारी किया गया हो, को ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा जमा करना चाहिए, यदि उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है.
6. दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) अभ्यर्थी के लिए आरक्षण समस्तर है और सम्पूर्ण रिक्त–पदों (की संख्या) के अंदर है.
7. पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थी को भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
8. अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए दर्शाई गई है. भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी के लिए ऊपरी आयु सीमा में छूट उपलब्ध होगी.
9. ऐसे मामलों में जहाँ एक विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव की आवश्यकता है, प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से शामिल होना चाहिए कि अभ्यर्थी के पास उस विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव है.
10. यदि डिग्री/डिप्लोमा के प्रमाणपत्र विशेषज्ञता का क्षेत्र नहीं निर्दिष्ट करते हैं, तो अभ्यर्थी को संबंधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से विशेष रूप से विशेषज्ञता का उल्लेख करने वाला प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

### ख. पद एवं ग्रेड/शैक्षिक योग्यता/अनुभव के ब्यौरे:

| पद क्रमांक | पद एवं ग्रेड | शैक्षिक योग्यता एवं प्रमाणन | शैक्षणिक योग्यता के बाद कार्य अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | **सहायक प्रबंधक (सिस्टम) (JMGS-I)** | **31.10.2020 को मूलभूत योग्यता (अनिवार्य):**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/ आईटी/ ईसीई में इंजीनियरिंग स्नातक या एमसीए/ एम.एससी.(आईटी)/ एम. एससी. (कंप्यूटर विज्ञान). | **विशिष्ट कौशल (अधिमान्य):**<br>• एप्लिकेशन विकास (एप्लिकेशन/साफ्टवेयर की कोडिंग, परीक्षण और रखरखाव).<br>• .नेट/ अंगुलर जेएस/ कोर जावा/ डीबी2 एसक्यूएल–पीएल एसक्यूएल/ आईबीएम वेबस्फियर एमक्यू/ जे2ईई/ ओरेकल 11जी/ ओरेकल एडीएफ/ पीएचपी/ आर प्रोग्रामिंग/ सैप एबीएपी/ वेबसर्विस की जानकारी.<br>• .नेट/एआईएक्स/ आईबीएम की जानकारी.<br>• वेबस्फियर/ लाइनैक्स/ यूनिक्स सर्वर/ एमसीएसए/ ओरेकल वेबलॉजिक/ रेड हैट/ विंडो सर्वर<br>• ओरेकल प्रमाणित प्रोफेशनल<br>• डीबी2 डेटाबेस/ हडुप/ एमएस एसक्यूएल सर्वर/ ओरेकल डीबीए की जानकारी<br>• वीएमवेयर ईएसएक्स/क्लाउड कंप्यूटिंग की जानकारी.<br>• राउटिंग, स्विचिंग प्रोटोकाल, नेटवर्किंग डिवाइसेस, गहन विश्लेषणात्मक और विध्न निवारण की जानकारी के साथ नेट/नेटवर्क सुरक्षा/ नेटवर्किंग संकल्पना/ सिस्को प्रमाणित नेटवर्क एसोसिएट (सीसीएनए). |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | **उप प्रबंधक (सिस्टम) (MMGS-II)** | **मूलभूत योग्यता (अनिवार्य):**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/आईटी/ईसीई में इंजीनियरिंग स्नातक या एमसीए/एम.एससी.(आईटी)/एम. एससी. (कंप्यूटर विज्ञान).<br><br>**प्रमाणपत्र (अधिमान्य):**<br>सीआरआईएससी, सीआईएसएसपी, सीआईएसए, सीआईएसएम प्रमाणपत्र | डब्ल्यूएएस, एचआईएस, यूनिक्स, एआईएक्स वातावरण के विकास, प्रबंध करने, वेबलॉजिक की संस्थापना/माइग्रेशन/अपग्रेडेशन, सोलारिश/लाइनेक्स/यूनिक्स/ एआईएक्स पर वेबसर्वर, यूएक्स डिजाइन और विकास/ फोटोशॉप/ कोर जावा, आईटी जोखिम प्रबंध, आदि में आईटी कारोबार/उद्योग में मूलभूत योग्यता के बाद 31.10.2020 को न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव (पात्रता के लिए प्रशिक्षण और अध्यापन अनुभव को गिना नहीं जायेगा).<br>**विशिष्ट कौशल (अधिमान्य):**<br>• जे2ईई, आईएचएस वेब सर्वर, वेबस्फियर एप्लिकेशन सर्वर, एसएसएल, एसओए, यूनिक्स शेल, पायथन और पर्ल, आदि की अच्छी जानकारी.<br>• एआईएक्स पर यूनिक्स प्रबंध का कौशल.<br>• आईबीएम एमक्यू सर्वर, ओरेकल/एसक्यूएल/डीबी2 सर्वर और एक्सएमएल, एक्सएसएल और डब्ल्यूएसडीएल की अच्छी जानकारी.<br>• वेब और एप्लिकेशन सर्वर, कार्यप्रवाह की बुनियादी संरचना की अच्छी जानकारी.<br>• सोलारिस/लाइनेक्स/यूनिक्स/एआईएक्स, आदि पर वेबलॉजिक, वेबसर्वर की संस्थापना/माइग्रेशन/अपग्रेडेशन का अनुभव.<br>• डिजाइन/सहायता/समाधान के परिप्रेक्ष्य से संबद्ध क्षेत्रों में कारोबार/संगठन, बैंक मानक, बुनियादी संरचना, आर्किटेक्चर और प्रौद्योगिकी की कुछ जानकारी.<br>• यूएक्स डिजाइन एवं विकास/फोटोशॉप/ कोर जावा का अनुभव.<br>• जोखिम प्रबंध के सभी पहलुओं की विशेषज्ञता, जिनमें पहचान, विश्लेषण, मिटिगेशन, रिपोर्टिंग, जागरूकता, घटना प्रबंधन और अनुक्रिया, जीआरसी, ऑडिट और अनुपालन शामिल हैं.<br>• कारोबार एवं आईटी प्रक्रियाओं, बीसीपी/डीआर परियोजनाओं, आदि के जोखिम मूल्यांकन की जानकारी और उसके लिए उचित मिटिगेशन योजनाएं तैयार करना.<br>• होस्टेड एवं विंडोज वातावरण, क्लाइंट सर्वर प्रौद्योगिकी, नेटवर्क, फायरवाल, एसआईईएम और ई–कॉमर्स सुरक्षा जोखिमों की जानकारी. |
| 3 | **आईटी सुरक्षा विशेषज्ञ (MMGS-III)** | **मूलभूत योग्यता (अनिवार्य):**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/आईटी/ईसीई में इंजीनियरिंग स्नातक या एमसीए/एम.एससी.(आईटी)/एम. एससी. (कंप्यूटर विज्ञान).<br>**प्रमाणपत्र (अनिवार्य):**<br>सीआईएसए प्रमाणपत्र | मूलभूत योग्यता के बाद 31.10.2020 को कम से कम 8 वर्ष का अनुभव, जिसमें कम से कम 5 वर्ष का आईटी सुरक्षा का अनुभव हो.<br>(पात्रता के लिए प्रशिक्षण और अध्यापन अनुभव को गिना नहीं जायेगा).<br>**विशिष्ट कौशल (अधिमान्य):**<br>• जोखिम मूल्यांकन, आईटी सुरक्षा, आईटी प्रोडक्शन, आईटी एप्लिकेशन या नियंत्रण कार्यों पर केन्द्रित आईटी परिचालनों का व्यावहारिक अनुभव.<br>• बड़ी कंपनी/बीएफएसआई में अनुभव को अधिमान्य |
| 4 | **परियोजना प्रबंधक (MMGS-III)** | **मूलभूत योग्यता (अनिवार्य):**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/आईटी/ईसीई में इंजीनियरिंग स्नातक या एमसीए/एम.एससी.(आईटी)/एम. एससी. (कंप्यूटर विज्ञान).<br><br>• प्रतिष्ठित संस्थान से एमबीए को अधिमान्य<br><br>**प्रमाणपत्र (अनिवार्य):**<br>पीएमआई से पीएमपी प्रमाणपत्र | मूलभूत योग्यता के बाद आईटी उद्योग/कारोबार में 31.10.2020 को कम से कम 8 वर्ष का अनुभव, जिसमें कम से कम 5 वर्ष का निर्दिष्ट सॉफ्टवेयर विकास जीवनचक्र के भीतर जटिल प्रौद्योगिकी समाधान को सफलतापूर्वक सुपुर्द करने का परियोजना प्रबंध अनुभव, उच्च–निष्पादन वाली कुशल टीम बनाने एवं नेतृत्व करने, योजना, विकास, रणनीतियां/पहलकार्य पर ध्यान केन्द्रित करने का अनुभव हो.<br>(पात्रता के लिए प्रशिक्षण और अध्यापन अनुभव को शामिल नहीं किया जायेगा).<br>**विशिष्ट कौशल (अधिमान्य):**<br>• परियोजना/प्रोग्राम प्रबंध का अनुभव<br>• उच्च–निष्पादन वाली कुशल टीम बनाना एवं नेतृत्व करना<br>• रणनीतियां/पहलकार्यों की आयोजना, विकास पर ध्यान केन्द्रित करना<br>• निर्दिष्ट सॉफ्टवेयर विकास जीवनचक्र के भीतर जटिल प्रौद्योगिकी समाधान सुपुर्द करने का अनुभव.<br>• लिखित, मौखिक और प्रस्तुतीकरण का गहन कौशल होना चाहिए. |
| 5 | **एप्लिकेशन आर्किटैक्ट (MMGS-III)** | **मूलभूत योग्यता (अनिवार्य):**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/आईटी/ईसीई में इंजीनियरिंग स्नातक या एमसीए/एम.एससी.(आईटी)/एम. एससी. (कंप्यूटर विज्ञान). | मूलभूत योग्यता के बाद आईटी कारोबार/उद्योग में 31.10.2020 को कम से कम 8 वर्ष का अनुभव, जिसमें कम से कम 3 वर्ष का अनुभव ई–चैनलों (यथा, आईएनबी, एटीएम, मोबाइल, आदि) में एप्लिकेशन और मिडिलवेयर आर्किटैक्ट का अनुभव हो.<br>(पात्रता के लिए प्रशिक्षण और अध्यापन अनुभव को शामिल नहीं किया जायेगा). |
| 6 | **टेकनिकल लीड (MMGS-III)** | **मूलभूत योग्यता (अनिवार्य):**<br>मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/आईटी/ईसीई में इंजीनियरिंग स्नातक या एमसीए/एम.एससी.(आईटी)/एम. एससी. (कंप्यूटर विज्ञान). | मूलभूत योग्यता के बाद आईटी कारोबार/उद्योग में 31.10.2020 को कम से कम 8 वर्ष का अनुभव, जिसमें मोबाइल या ई–चैनल साफ्टवेयर विकास जीवनचक्र के विकास, परीक्षण और सहायता शामिल है.<br>(पात्रता के लिए प्रशिक्षण और अध्यापन अनुभव को शामिल नहीं किया जायेगा).<br>**विशिष्ट कौशल (अधिमान्य):**<br>• स्क्रम/क्लाउड कंप्यूटिंग/जेनकिन्स की गहन जानकारी. |

**ग. कार्य की प्रकृति और केआरए:**

| पद क्र. | पद और ग्रेड | संक्षेप में कार्य की प्रकृति और केआरए |
|---|---|---|
| 1 | **सहायक प्रबंधक (सिस्टम) (JMGS-I)** | • व्यावसायिक जरूरतों के संबंध में आईटी से संबंधित विभिन्न संभाव्यताओं की पहचान और मूल्यांकन करना.<br>• समाधान (सॉल्यूशन) की उपयोगिता और कार्य–निष्पादन सुनिश्चित करना.<br>• सिस्टम क्षेत्र के विकास को संचालित करने के प्रयासों में भाग लेना.<br>• व्यावसायिक मूल्य को अधिकतम करने के लिए डिजाइन किए गए सॉल्यूशन विकसित करना.<br>• किसी दिए गए डोमेन का ज्ञान तेजी से प्राप्त करने में सक्षम.<br>• यह सुनिश्चित करने में प्रभावी होना कि डिलिवरेबल्स सिस्टम आर्किटेक्चर और विकास के लिए मानकों के अनुरूप हों.<br>• व्यावसायिक इकाई के लक्ष्य और ध्येय की प्राप्ति के लिए सक्रिय रूप से योगदान देना.<br>• आंतरिक ग्राहकों और व्यावसायिक भागीदारों के साथ कुशलतापूर्वक और उद्देश्यपूर्ण ढंग से संवाद करना.<br>• सक्रिय रूप से दूसरों के माध्यम से विकसित करने में सहायता करना, जैसे ज्ञान का संचार और प्रोफेशनल नेटवर्क में भाग लेना.<br>• सिस्टम/सर्वर स्थापना, विन्यास और निगरानी.<br>• कंप्यूटर सिस्टम/सर्वर/स्टोरेज/नेटवर्क की स्थापना, समर्थन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार.<br>• पैच अपडेशन/अपग्रेडेशन और माइग्रेशन.<br>• नए कंप्यूटर सिस्टम और सर्वर प्रदर्शन डिजाइन करना.<br>• सॉफ्टवेयर स्थापना, विन्यास और रखरखाव.<br>• डेटा निष्कर्षण, परिवर्तन और लोड करना.<br>• डाटाबेस बैकअप और रिकवरी<br>• सुरक्षा: जोखिमों को कम करने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करना और उनकी निगरानी करना.<br>• डीसी/डीआर सर्वर विन्यास सेट–अप, रखरखाव और क्षमता आयोजना.<br>• बैंक के क्लाउड पर्यावरण की स्थापना, विन्यास और रखरखाव.<br>• एसक्यूएल जॉब, डेटा निर्यात और आयात, डेटाबेस प्रतिकृति, एन्क्रिप्शन, ईएलबी, ईबीएस, एस 3, क्लाउडफ्रंट, अरोरा का प्रबंधन और निगरानी करना.<br>• आईआईएस, अपाचे, पीएचपी साइट्स, .छ्शीं साइट्स, एफटीपी साइट्स, एसएमटीपी, लाइनक्स सर्वर, बैकअप, पुन: स्थापन, बहु–वीपीएन को बनाए रखना.<br>• नेटवर्क डिवाइस की स्थापना और क्षमता आयोजना.<br>• सिस्टम कॉन्फ़िगरेशन डिजाइन करके नेटवर्किंग वातावरण स्थापित करना; प्रणाली स्थापना का निर्देशन करना; सिस्टम मानकों को परिभाषित करना, दस्तावेजीकृत करना और लागू करना. |

| | | |
|---|---|---|
| **2** | **उप प्रबंधक (सिस्टम) (MMGS-II)** | • वैस की स्थापना, विन्यास और रखरखाव<br>• सोलारिस/लाइनक्स/यूएनएक्स पर वेबलॉजिक की स्थापना/माइग्रेशन/अप-ग्रेडेशन.<br>• यूएक्स डिजाइन में उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करना.<br>• वायरफ्रेम वेबसाइटों और मोबाइल ऐप्स को डिजाइन करना.<br>• वेबसाइट का विकास करने के लिए प्रोग्राम का प्रबंधन करने और सामग्री का मिलान करने के लिए आंतरिक डिजाइन और प्रोग्रामिंग टीम के साथ मिलकर काम करना.<br>• नए उपकरण की स्थापना, हार्डवेयर स्वैप-आउट और घटक प्रतिस्थापन (सर्वर, नेटवर्क उपकरण और भंडारण).<br>• वर्चुअलाइजेशन का कार्यान्वयन.<br>• उद्यम-वार जोखिम प्रबंधन ढांचा डिजाइन करना और उसके कार्यान्वयन में सहायता करना। संगठन में आईटी जोखिम की निगरानी करना.<br>• बहुविध मध्य वेयर उत्पादों के साथ बड़े पैमाने पर वैस इंफ्रास्ट्रक्चर को सपोर्ट करना.<br>• एआईएक्स में वैक्स और आईएचएस की स्थापना, कॉन्फिगरेशन और समस्या निवारण.<br>• एसएसएल कॉन्फिगरेशन, लोड बैलेंसर की स्थापना.<br>• जे2ईई, आईएचएस वेब सर्वर, वेबस्फीयर एप्लीकेशन सर्वर, एसएसएल, एसओए, यूनिक्स शेल, पायथन और पर्ल आदि की स्थापना.<br>• आईबीएम एमक्यू सर्वर, ओरेकल/ एसक्यूएल/ डीबी2 सर्वर और एक्सएमएल, एक्सएसएल और डब्ल्यूएसडीएल की स्थापना.<br>• वेब और एप्लीकेशन सर्वर, वर्कफ़्लो इंफ्रास्ट्रक्चर और समस्या निवारण की स्थापना.<br>• कार्य-निष्पादन ट्यूनिंग और सुधार<br>• क्षमता आयोजना<br>• आईटीआईएल/आईटीएसएम टूल्स (कम से कम मैनुअल हस्तक्षेप) के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार.<br>• वायरफ्रेम और टैक्सोनोमी सृजित करना.<br>• तकनीकी और संरचनात्मक समीक्षाओं, प्रौद्योगिकी परियोजनाओं, नई व्यावसायिक प्रक्रिया और प्रबंधन परिवर्तन गतिविधियों के लिए एक प्रमुख परियोजना और जोखिम केंद्रित संसाधन के रूप में काम करना. |
| **3** | **आईटी सुरक्षा विशेषज्ञ (MMGS-III)** | • जानकारी एकत्र करके और योजनाओं को विकसित करके आईटी खतरों को कम करना, सुरक्षा संबंधी उल्लंघनों के लिए नेटवर्क की निगरानी करना, सुरक्षा प्रोटोकॉल पर उपयोगकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करना, सर्वोत्तम प्रथाओं और सुरक्षा मानकों को विकसित करना, सुरक्षा उल्लंघन की स्थिति में आईटी को सक्रिय रखने के लिए संकट निवारण प्रक्रियाओं का निर्माण और परीक्षण करना.<br>• आंतरिक रूप से विकसित एप्लिकेशनों की उनके उत्पादन परिवेश में लगाने से पहले समीक्षा करने के लिए जिम्मेदार.<br>• संभावित दुर्भावनापूर्ण हैकर द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कमजोरियों की पहचान करना.<br>• एप्लिकेशन के मूल्यांकन में उपकरण आधारित परीक्षण, और वेब ब्राउज़र या नामित ग्राहक सॉफ्टवेयर के साथ मैन्युअल रूप से परीक्षण शामिल हैं.<br>• परिचालन क्षेत्रों में वीएपीटी, इनपुट सत्यापन, पहुंच नियंत्रण, पासवर्ड नीति, सत्र प्रबंधन, प्रमाणीकरण तंत्र, एन्क्रिप्शन शामिल हैं, किंतु इन्हीं तक ही सीमित नहीं.<br>• नवीनतम आईटी सुरक्षा उपकरणों/तकनीकों को समझना.<br>• कॉर्पोरेट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नेटवर्क सुरक्षा मानक करना और नेटवर्क डिजाइन का मार्गदर्शन करना.<br>• नेटवर्क सुरक्षा का आकलन करना और डीडीओ, डब्ल्यूएएफ, आईडीएस, फायरवॉल और एसआईईएम सिस्टम की निगरानी करना.<br>• यह सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक और बाहरी व्यावसायिक भागीदारों के साथ काम करना कि आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर वैश्विक नेटवर्क सुरक्षा मानकों को पूरा करता है.<br>• हमारे एप्लिकेशन और नेटवर्क में सुरक्षा संबंधी कमजोरियों को सक्रिय रूप से देखना, मुद्दों की रिपोर्टिंग करना और संभवित समाधान प्रदान करना.<br>• हमारे सुरक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार करना और उसे बनाए रखना.<br>• क्षेत्र में उभर रही नवीनतम कमजोरियों और उपचारों पर नजर रखते हुए, सुरक्षा समाचारों के साथ अद्यतन रहना.<br>• सुरक्षित संरचना, सभी स्रोत कोड का पूरी तरह से स्वचालित परीक्षण (उदाहरण के लिए, परीक्षण-चालित विकास के माध्यम से) सुनिश्चित करने के लिए विकास टीम के साथ सक्रिय रूप से संपर्क करना.<br>• हमारी वर्तमान सेवाओं और नवीनतम परिवर्तनों के साथ-साथ हमारी आंतरिक प्रथाओं का ऑडिट करने वाली नियमित रिपोर्ट प्रदान करना.<br>• हमारे सर्वर ट्रैफिक, टिकटिंग की निगरानी करना और असामान्य पैकेट की रिपोर्टिंग करना.<br>• आंतरिक उत्पादों और जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपकरणों और सॉफ्टवेयर का विकास और डिजाइन करना.<br>• एक नेटवर्क प्रणाली के भीतर सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली के लिए सुरक्षा उपायों का प्रबंधन.<br>• सुरक्षा अपडेट के लिए सिस्टम और नेटवर्क प्रक्रियाओं का नियमित निरीक्षण करना.<br>• सुरक्षा और सुरक्षा उपायों और रणनीतियों को शुरू करने के लिए लेखा परीक्षा प्रक्रिया आयोजित करना.<br>• नियम और आवश्यकता के अनुसार जानकारी तक पहुंच को अनुकूलित करना.<br>• मानक सूचना सुरक्षा नीति, प्रक्रिया और सेवाओं को बनाए रखना. |
| **4** | **परियोजना प्रबंधक (MMGS-III)** | • आईटी उत्पादों/सेवाओं में परियोजना/कार्यक्रम प्रबंधन को शुरू से लेकर समाप्त होने तक प्रदान करना.<br>• एक सुनिश्चित सॉफ्टवेयर विकास जीवनचक्र के भीतर जटिल प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करना.<br>• बीएफएसआई डोमेन में तकनीकी समाधान/संरचना को परिभाषित करने में बिजनेस एनालिस्ट के रूप में काम करना.<br>• एक तीव्र गति, परस्पर कार्यात्मक और बहु विभागीय वातावरण में काम करना.<br>• कई व्यावसायिक भागीदारों के लिए कार्यात्मक पहुंच व्यक्ति.<br>• कारोबार, एप्लिकेशन, डेटा और प्रौद्योगिकी संरचना पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उच्च प्रदर्शन करने वाली चुस्त टीमों का निर्माण और नेतृत्व करना.<br>• आईटी योजना, रणनीतियों/पहलों के विकास और उत्पाद जीवनचक्र/सेवा अभिविन्यास में योगदान देना.<br>• आईटी इको-सिस्टम की वर्तमान और भावी जरूरतों का निर्धारण करना.<br>• परियोजना प्रबंधन और परियोजना प्रबंधन से संबंधित अवधारणाओं पर आवधिक आधार पर प्रशिक्षण प्रदान करना.<br>• प्रगति की निगरानी और ट्रैक करने के लिए एक विस्तृत परियोजना योजना विकसित करना.<br>• उचित उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करते हुए परियोजना के निष्पादन की माप करना.<br>• ग्राहक और सभी हितधारकों के साथ संबंध रखना.<br>• परियोजनाओं के त्रुटिरहित निष्पादन के लिए आंतरिक संसाधनों और तीसरे पक्ष/विक्रेताओं के साथ समन्वय करना.<br>• बुनियादी ढांचे, प्रौद्योगिकियों और समर्थन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं और कार्यपालक प्रबंधन के साथ संवाद करना.<br>• सभी प्रासंगिक हितधारकों को शामिल करते हुए और तकनीकी व्यवहार्यता सुनिश्चित करते हुए परियोजना के दायरे और उद्देश्यों को परिभाषित करना.<br>• सुनिश्चित करना कि परियोजनाओं को समय पर, दायरे के भीतर और बजट के भीतर पूरा किया जाता है.<br>• परियोजनाओं का चालू विश्लेषण पूरा करना और संबंधित हितधारकों को रिपोर्ट करना.<br>• व्यापक परियोजना दस्तावेज तैयार करना और उसे बनाए रखना.<br>• परियोजना जोखिमों को कम करने के लिए जोखिम का प्रबंधन करना.<br>• आवश्यकतानुसार प्रबंधन को रिपोर्ट करना और अग्रसर करना.<br>• कारोबारी जरूरतों और उद्देश्यों के साथ संरेखण में उत्पादों/सेवाओं को प्रदान करना। |
| **5** | **एप्लिकेशन आर्किटैक्ट (MMGS-III)** | • डिजाइन और मान्य एप्लिकेशन आर्किटेक्चर डिजाइन, मिडलवेयर आर्किटेक्चर डिजाइन और अन्य प्रौद्योगिकी आर्किटेक्चर डिजाइन करना और उसे वैधीकृत करना.<br>• डिजाइन प्रयासों का अनुमान लगाना, विस्तृत कार्यक्रम को परिभाषित करना, प्रौद्योगिकियों का मूल्यांकन करना, प्रोटोटाइप विकसित करना, डिजाइन तैयार करना.<br>• कारोबारी जरूरतों और प्रौद्योगिकी परिवर्तन के अनुसार संरचना बदलना.<br>• संरचना सिद्धांतों, प्रक्रियाओं, उनके मानकों और दिशानिर्देशों को समझना और लागू करना.<br>• सौंपे गए कार्य का गुणवत्ता और समयबद्धता के संदर्भ में पूर्ण स्वामित्व लेना.<br>• समझें, दस्तावेज़, और एप्लिकेशन स्तरण निर्भरताओं (उपयोगकर्ता इंटरफेस, विनियोजन, सार्वजनिक इंटरफेस, एप्लिकेशन डोमेन, एप्लिकेशन बुनियादी सुविधाएं, तकनीकी ढांचे, और प्लेटफार्म) और एप्लिकेशन घटक निर्भरताओं को समझना, दस्तावेजीकृत करना और उनकी निगरानी करना.<br>• मौजूदा तकनीकी और नेटवर्क वातावरण के बीच प्रभावों और निर्भरताओं को समझना और उनकी निगरानी करना.<br>• प्रस्तावित संरचनात्मक अन्योन्यक्रियाओं के लिए अवधारणा प्रमाण कार्यों को सुनिश्चित करना और निर्देशित करना.<br>• अनुपालन और तत्परता के लिए सॉफ्टवेयर उत्पाद, सहायक उपकरण और प्लेटफॉर्म लाइसेंसिंग वर्गीकरण की निगरानी करना.<br>• पैकेज्ड या कस्टम एप्लिकेशनों को सपोर्ट करने के लिए समर्थकारी प्रौद्योगिकियों को परिभाषित करना, योजना बनाना, प्रस्तावित करना और उन्हें चुनना.<br>• प्रौद्योगिकी विकल्पों, जोखिमों और विभिन्न संरचना विकल्पों के प्रभावों को सूचीबद्ध करने वाले दृष्टिकोण कागजात तैयार करना.<br>• विभिन्न एप्लिकेशनों और एप्लिकेशन घटकों के भीतर, बीच और में डेटा निर्भरता को परिभाषित करना.<br>• विभिन्न एप्लिकेशनों और एप्लिकेशन घटकों के बीच डेटाबेस दृष्टांतों को परिभाषित करना और उनमें समन्वय को निर्देशित करना.<br>• दस्तावेज़ और सॉफ्टवेयर के विज्ञप्तियों और संस्करणों सहित तकनीकी संरचना, नेटवर्क संरचना, एप्लिकेशन संरचना और तकनीकी एप्लिकेशन संरचना आरेख दस्तावेजीकृत करना और उन्हें बनाए रखना.<br>• संदर्भ आरेख, कार्यात्मक आर्किटेक्चर, डेटा आर्किटेक्चर, और संदेश संरचना आरेख और विवरण को दस्तावेजीकृत करना और उसे बनाए रखना.<br>• सुनिश्चित करना कि संरचनात्मक घटक व्यवसाय की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से संबोधित करते हैं.<br>• तकनीकी और बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं की इंजीनियरिंग पहलों में अगुआई करना/भाग लेना.<br>• अन्य वास्तुकारों, परियोजना प्रबंधकों और टीम के साथ समन्वय करने से यह सुनिश्चित होता है कि विकास सिस्टम मॉडल से मेल खाता है.<br>• आईटी वर्टिकल में आर्किटेक्चर दृष्टिकोणों और मानकों की व्यापक समझ सुनिश्चित करने के लिए ई एंड टीए के साथ गतिविधियों का समन्वय करना.<br>• आर्किटेक्चर जोखिम न्यूनीकरण योजनाओं को परिभाषित करना.<br>• वर्तमान प्रयासों की ओर प्रयोज्यता का मूल्यांकन करने के लिए उत्पाद विक्रेताओं से उभरती प्रौद्योगिकियों और तकनीकी निर्मोचनों की निगरानी करना. |

| 6 | टेकनिकल लीड (MMGS-III) | • नई आवश्यकता से संबंधित ग्राहक के साथ समन्वय और साप्ताहिक स्थिति कॉल, कार्य आवंटन और निगरानी टीम के सदस्यों का नेतृत्व टिकट का समर्थन।<br>• ग्राहक कोड विकास और बग फिक्सिंग कोड समीक्षा और गुणवत्ता परीक्षण एचआर फंक्शनल सेट अप (कोर एचआर, सेल्स सर्विस आदि) के लिए दैनिक स्थिति अपडेट.<br>• मानकों की कोडिंग / सुरक्षित कोडिंग प्रथाओं के लिए परियोजना की सर्वोत्तम प्रथाओं का उपयोग करना.<br>• डिजाइन, कोडिंग और यूनिट परीक्षण तैयार करने के लिए टीम बनाना और उसकी सहायता करना.<br>• परियोजना आर्किटेक्चर की एक बहुत अच्छी समझ होनी चाहिए<br>• सहकर्मी की समीक्षा करना और फीडबैक देना.<br>• स्प्रिंट स्तर पर जोखिम और मुद्दों की तत्परता से पहचान करने के लिए सटीक जानकारी के साथ ट्रैकर को अपडेट करना.<br>• परियोजना स्तर पर परियोजना प्रबंधक के साथ परियोजना जोखिम की पहचान और न्यूनीकरण कार्रवाई योजना का संचालन करना.<br>• प्रक्रिया जांच मास्टर – यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनकी टीम सभी सूचीबद्ध प्रक्रियाओं का पालन कर रही है.<br>• अपशिष्टों को समाप्त करके टीम के वेग/उत्पादकता को बढ़ाने के तरीकों की निरंतर तलाश करना.<br>• लोक प्रबंधन और तकनीकी प्रबंधन<br>• परियोजना समन्वय/प्रबंधन में परियोजना प्रबंधक की सहायता करना.<br>• चेतावनी, स्पष्टीकरण और समाधान के साथ स्थिति रिपोर्ट करना.<br>• समस्याओं को रिपोर्टिंग मैनेजर तक शीघ्र पहुंचाना, उनका ट्रैक रखना और समस्याओं का समाधान करना.<br>• सॉफ्टवेयर विकास परियोजना जीवनचक्र के विकास, परीक्षण और समर्थन में एक टीम के माहौल के भीतर सहयोग करना.<br>• वेब इंटरफेस और अंतर्निहित व्यवसाय लॉजिक विकसित करना<br>• कोई भी आवश्यक तकनीकी दस्तावेज तैयार करना<br>• दैनिक और साप्ताहिक गतिविधियों को ट्रैक करना और रिपोर्ट करना<br>• कोड समीक्षा और कोड उपचारण में भाग लेना<br>• उचित इकाई परीक्षण और स्वचालन करना और उनका विकास करना<br>• क्यूए या उत्पाद समर्थन द्वारा खोजी गई अनुसंधान समस्याएं और समस्याओं के समाधान विकसित करना.<br>• कारोबारी आवश्यकताओं द्वारा यथा निर्धारित और प्रबंधन द्वारा निर्देशित के रूप में अतिरिक्त कर्तव्यों का पालन करना. |
|---|---|---|

टिप्पणी: उपर्युक्त जॉब प्रोफाइल और केआरए के अतिरिक्त, बैंक द्वारा किसी भी पद के लिए समय–समय पर भूमिकाएँ सौंपी जा सकती हैं.

**घ. पुष्टि प्रक्रिया: चयनित अभ्यर्थी के प्रदर्शन का मूल्यांकन मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा और बैंक में केवल सफल अभ्यर्थियों की पुष्टि की जाएगी.**

**ङ. पारिश्रमिक:**

| क्रमांक | ग्रेड | वेतनमान |
|---|---|---|
| 1 | कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी वेतनमान I (जेएमजीएस I) | 23700-980/7-30560-1145/2-32850-1310/7-42020 |
| 2 | मध्यम प्रबंधन श्रेणी वेतनमान II (एमएमजीएस II) | 31705-1145/1-32850-1310/10-45950 |
| 3 | मध्यम प्रबंधन श्रेणी वेतनमान III (एमएमजीएस III) | 42020-1310/5-48570-1460/2-51490 |

विभिन्न श्रेणी को लागू वेतनमान ऊपर दिए गए है. अधिकारी समय समय पर लागू नियमों के अनुसार डीए, एचआरए, सीसीए, पीएफ, अंशदायी पेंशन निधि, एलएफसी, चिकित्सा सुविधा, आदि के लिए पात्र होंगे. 11वें द्विपक्षीय समझौते के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में लागू वेतनमान में संशोधन होने की संभावना है.

**च. आवेदन कैसे करें:**

अभ्यर्थियों का मान्य ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए. इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने में सहायता होगी.

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा–निर्देश:**

i. अभ्यर्थी एसबीआई की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers** या **https://www.sbi.co.in/web/careers** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे.

ii. अभ्यर्थी पहले तो अपने हाल के फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि अभ्यर्थी अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार ('आवेदन कैसे करें' के अंतर्गत) नहीं कर देता/देती.

iii. अभ्यर्थी आवेदन को ध्यानपूर्वक पढ़ें. आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद तो अभ्यर्थी इसे प्रस्तुत करें. यदि एक बार में अभ्यर्थी आवेदन नहीं भर पाता है, तो वह पहले से प्रविष्ट जानकारी को सेव कर सकता/सकती है. जब जानकारी/आवेदन को सेव किया जाएगा तो एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बन कर आ जाएगा और यह स्क्रीन पर दिखेगा. **अभ्यर्थी इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखे लें.** वे इस सेव किए हुए आवेदन को पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर फिर से खोल सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो दिए गए विवरण में संशोधन कर सकते हैं. सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक करने के लिए ही होगी. आवेदन जब पूरी तरह से भरा जाएगा तब अभ्यर्थी को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें और ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करें.

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिन्ट आउट ले लें.

**शुल्क के भुगतान के लिए दिशा–निर्देश:**

i. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (अप्रतिदेय) ₹750/- है (सात सौ पचास रुपए मात्र) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग व्यक्ति के अभ्यर्थियों के लिए कोई सूचना शुल्क नही है.

ii. शुल्क का भुगतान उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा.

iii. आवेदन पत्र के विवरण सही हैं यह सुनिश्चित कर लेने के बाद अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के साथ समेकित रूप से भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. **इसके बाद आवेदन में कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

iv. भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह अभ्यर्थियों को ही वहन करना होगा.

v. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर अभ्यर्थी अपने पास रख ले.

vi. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें.

vii. शुल्क विवरणों सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिन्ट फिर से करने का भी प्रावधान है.

viii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस **नहीं** लौटाया जाएगा, **न** ही इसे किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा.

**छ. प्रलेखों को अपलोड कैसे करें:**

**अ. अपलोड किए जाने वाले प्रलेखों का विवरण:**

i. संक्षिप्त रेस्यूम (पीडीएफ)

ii. आईडी प्रमाण (पीडीएफ)

iii. जन्म तिथि का प्रमाण (पीडीएफ)

iv. शैक्षणिक योग्यता: संगत अंक तालिका/डिग्री प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

v. अनुभव प्रमाणपत्र (पीडीएफ)

vi. जाति प्रमाण–पत्र/ओबीसी प्रमाण–पत्र/ईडब्ल्यूएस प्रमाण–पत्र, यदि लागू हो (पीडीएफ)

vii. पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (पीडीएफ)

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज़:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल में खिंची हुई रंगीन फोटो.

ii. फाइल का आकार 20 केबी–50 केबी और आयाम 200X230 पिक्सल तक होना चाहिए.

iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है, और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो.

iv. तनावमुक्त होकर कैमरे में सामने की ओर देखें.

v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े.

vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसमें रैड–आई नहीं है.

vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं.

viii. टोपी, हैट और गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है. धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए.

ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें.

**द. प्रलेख की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी प्रलेख पीडीएफ प्रारूप में होने चाहिए.

ii. प्रलेख के पेज का आकार ए4 का हो.

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो.

iv. प्रलेख को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है. फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिज़ोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें. यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए गए प्रलेख साफ और पढ़े जा सकने लायक हैं.

**य. फोटो/हस्ताक्षर/प्रलेखों को स्कैन करने हेतु दिशा–निर्देश:**

i. स्कैनर के रिज़ोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इन्च) पर रखें.

ii. कलर को टू कलर पर सेट करें.

iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें.

iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)

v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग कर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॅन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है

vi. जो अभ्यर्थी एमएस विन्डोज़/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीजी फार्मेट में पा सकते हैं जो कि क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फार्मेट से जेपीजी (jpg) फार्मेट में सेव किए जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज़' के विकल्प का प्रयोग करना होगा. इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्स्ल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम कराया जा सकता है. इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं.

vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरते समय अभ्यर्थी को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके.

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

- i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें.
- ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति.
- iii. कॉल लेटर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा.
- iv. यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर कॉल लेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी.
- v. फाइल का आकार 10 केबी–20 केबी के बीच का हो और आयाम 140X60 पिक्सल (अधिमानतः) हो.
- vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है.
- vii. अंग्रेज़ी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे.

**र. प्रलेख अपलोड करने की प्रक्रिया:**

- i. हर प्रलेख को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए गए हैं.
- ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें.
- iii. ब्राउज़ करके उस जगह को चुनें जहां कि पीडीएफ, डीओसी या डीओसीएक्स फाइल को सेव किया गया है.
- iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और अपलोड का बटन क्लिक करें.
- v. आवेदन सबमिट करने से पहले प्रलेख अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें. यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा.
- vi. प्रलेख अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे.
- vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्तातक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं. फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से अपलोड कर सकता/सकती है. फोटो से चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा.

नोटः यदि फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर अस्पष्ट है, तो अभ्यर्थी का आवेदन खारिज कर किया जा सकता है. यदि फोटो या हस्ताक्षर प्रमुख रूप से दिखाई नहीं देते हैं, तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और केएम प्रस्तुत करने से पहले अपने फोटोग्राफ या हस्ताक्षर को फिर से लोड कर सकता है.

**ज. चयन प्रक्रिया:**

(पोस्ट क्रमांक 1 से 6 के लिए):

पद क्रमांक 1 से 6 के उम्मीदवारों का चयन ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर होगा.

**ऑनलाइन लिखित परीक्षा:** ऑनलाइन लिखित परीक्षा अनंतिम रूप से 01.02.2021 को आयोजित की जाएगी. परीक्षा का कॉल लेटर बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और अभ्यर्थियों को एसएमएस और ई–मेल के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा. अभ्यर्थियों को कॉल लेटर डाउनलोड करने की आवश्यकता होगी.

परीक्षा केंद्रः गुंटूर, कुरनूल, विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम, गुवाहाटी, सिलचर, मुजफ्फरपुर, पटना, चंडीगढ़/मोहाली, रायपुर, बिलासपुर, दिल्ली/नई दिल्ली, फरीदाबाद, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, पणजी, अहमदाबाद, वडोदरा, अंबाला, हिसार, हमीरपुर, शिमला, जम्मू, जमशेदपुर, रांची, बेंगलुरु, हुबली, मंगलौर, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम, भोपाल, इंदौर, औरंगाबाद, मुंबई/ठाणे/नवी मुंबई, नागपुर, पुणे, इम्फाल, शिलांग, आइजोल, कोहिमा, भुवनेश्वर, संबलपुर, पुदुचेरी, जालंधर, लुधियाना, जयपुर, उदयपुर, बर्दांग/गंगटोक, चेन्नई, मदुरै, तिरुनेलवेली, हैदराबाद, वारंगल, अगरतला, प्रयागराज (इलाहाबाद), कानपुर, लखनऊ, मेरठ, वाराणसी, देहरादून, आसनसोल, ग्रेटर कोलकाता, सिलीगुड़ी केंद्रों में आयोजित की जाएगी.

अभ्यर्थी को वह केन्द्र चुनना चाहिए जहां वह परीक्षा के लिए बैठना चाहता/चाहती है. चुने गए परीक्षा केन्द्र में किसी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा. तथापि बैंक किसी भी केन्द्र को जोड़ने या हटाने और अभ्यर्थी को उसके द्वारा चुने गए केन्द्र से भिन्न कोई अन्य केन्द्र आबंटित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.

**ऑनलाइन लिखित परीक्षा का स्वरूप:** (पोस्ट क्रमांक 1 से 2 के लिए):

| क्रमांक | परीक्षण | | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य अभिरुचि* | तर्कशक्ति परीक्षण | 50 | 50* | 90 मिनट |
| 2 | | संख्यात्मक अभिरुचि | 35 | 35* | |
| 3 | | अंग्रेजी भाषा | 35 | 35* | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान (पीके) | सामान्य आईटी ज्ञान | 75 | 150 | 70 मिनट |

**ऑनलाइन लिखित परीक्षा का स्वरूप:** (पोस्ट क्रमांक 3 से 6 के लिए):

| क्रमांक | परीक्षण | | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य अभिरुचि* | तर्कशक्ति परीक्षण | 50 | 50* | 90 मिनट |
| 2 | | संख्यात्मक अभिरुचि | 35 | 35* | |
| 3 | | अंग्रेजी भाषा | 35 | 35* | |
| 4 | व्यावसायिक ज्ञान (पीके) | सामान्य आईटी ज्ञान | 25 | 50 | 70 मिनट |
| | | भूमिका आधारित ज्ञान | 50 | 100 | |

* प्रकृति में अर्हता प्राप्त करना और उन पर अंकों को योग्यता का निर्धारण करने के लिए हिसाब में नहीं लिया जाएगा.

(क) व्यावसायिक ज्ञान (पीके) प्रश्नपत्र को छोड़कर अन्य प्रश्नपत्र प्रकृति में अर्हता के होंगे. उम्मीदवारों को इन प्रश्नपत्रों में न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त करने होंगे. न्यूनतम अर्हता अंक यथा निर्धारित रूप में होंगे या बैंक के विवेक पर उनमें छूट दी जा सकती है. प्रश्न द्विभाषी यानी हिंदी और अंग्रेजी में होंगे. उम्मीदवारों के पास हिंदी या अंग्रेजी में (अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर) में प्रश्नों के उत्तर देने का विकल्प होगा.

(ख) साक्षात्कार के लिए चयनित होने के लिए पात्र होने के लिए उम्मीदवारों को अन्य परीक्षणों में न्यूनतम अर्हता अंक के बराबर या उससे अधिक अर्हता अंक प्राप्त करने के अलावा व्यावसायिक ज्ञान परीक्षण के लिए बैंक द्वारा तय किए जाने वाले कट ऑफ मार्क्स के बराबर या उससे अधिक अंक प्राप्त करने होंगे.

ऑनलाइन लिखित परीक्षा ऑनलाइन आयोजित की जाएगी. यदि आवेदनों की संख्या कम है, तो बैंक ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के बजाय, चयनित सूची बनाने और साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थी के चयन पर विचार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

**साक्षात्कार:** बैंक द्वारा तय किए गए उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या को ऑनलाइन लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा. साक्षात्कार 25 अंकों का होगा. साक्षात्कार में अर्हता अंक बैंक द्वारा तय किए अनुसार होगा.

**मेरिट सूची:** व्यावसायिक ज्ञान परीक्षण (150 अंकों में से) और साक्षात्कार (25 अंकों में से) के अंकों को जोड़ने के बाद अंतिम योग्यता सूची तैयार की जाएगी. अंकों की भारिता इस प्रकार होगी:

| ग्रेड | भारिता स्वरूप |
|---|---|
| JMGS-I , MMGS-II & MMGS-III (पोस्ट क्रमांक 1 से 6 के लिए) | ● लिखित परीक्षा: 70%<br>● साक्षात्कार: 30% |

चयन प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष मेरिट रैंक वाले उम्मीदवारों में से किया जाएगा.

नोटः– यदि एक से अधिक अभ्यर्थी कट–ऑफ अंक (कट–ऑफ पॉइंट पर सामान्य अंक) प्राप्त करते हैं, तो ऐसे अभ्यर्थी का चयन सूची में अवरोही क्रम में उनकी आयु के अनुसार किया जाएगा.

**झ. ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर :**

**क. ऑनलाइन परीक्षा:** अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन परीक्षा के लिए कॉल लेटर तथा स्वयं जाने नामक पुस्तिका अपना पंजीकरण नंबर तथा पासवर्ड/जन्म तिथि दर्ज करके बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड करें. **कॉल लेटर/स्वयं जानें नामक पुस्तिका की प्रति डाक से नहीं भेजी जाएगी.**

**ख. साक्षात्कार:** साक्षात्कार के लिए घोषणा/कॉल लेटर ई–मेल द्वारा भेजे जाएंगे या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किये जायेंगे. कोई हार्ड प्रति नहीं भेजी जायेगी.

**ञ. परीक्षा के समय परिचय का प्रमाण प्रस्तुत करनाः**

अभ्यर्थियों को पासपोर्ट/आधार/पैनकार्ड/ड्राइविंग लाईसेंस/मतदाता कार्ड/मूल प्रति में विधिवत् सत्यापित फोटो के साथ बैंक पासबुक जैसे एक फोटो पहचान प्रमाण और साथ ही उसकी एक स्व–सत्यापित फोटोकॉपी लानी होगी. परीक्षा हॉल में परीक्षकों को पहचान प्रमाण की एक फोटोप्रति कॉल लेटर के साथ प्रस्तुत की जानी चाहिए, ऐसा न करने पर या फिर यदि अभ्यर्थी की पहचान संबंधी संदेह होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जाएगा.

**ट. कदाचार के दोषी पाए गए अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाई :**

अभ्यर्थियों को यह चेतावनी दी जाती है कि ऐसा कोई विवरण न दें/संलग्न न करें जो असत्य, जाली/बनावटी हो या आवेदनपत्र भरते समय किसी भी महत्वपूर्ण सूचना को न छिपाएँ.

यदि लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय कोई अभ्यर्थी निम्नलिखित बातों का दोषी पाया जाता है :

(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करना या (ii) छद्म व्यक्ति बनकर छद्म व्यक्ति द्वारा परीक्षा देना या (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार करना या (iv) अभ्यर्थी के रूप में अपने चयन हेतु किसी अनियमित या अनुचित साधन का आश्रय लेना या (v) अपनी अभ्यर्थिता के संबंध में किसी भी अनुचित साधन की सहायता लेना, तो ऐसे अभ्यर्थी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही तो होगी ही, साथ ही:

क) जिस परीक्षा में भाग ले रहे होंगे, उसमें उसे अयोग्य घोषित किया जाएगा.

ख) भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित भर्ती के लिए किसी भी परीक्षा से स्थायी रूप से या किसी निश्चित अवधि के लिए वंचित कर दिया जाएगा.

बैंक अभ्यर्थी के जवाबों का परीक्षा में शामिल अन्य अभ्यर्थियों के जवाबों के साथ समानता ढूँढ़ने के लिए विश्लेषण करता है. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया जाता है कि जवाब एक जैसे हैं, और प्राप्त अंक यथार्थ/वैध नहीं है, तो बैंक के पास उम्मीदवारिता रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है.

**ठ. अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन, पेजर, कैलक्यूलेटर या ऐसे उपकरण का उपयोग करने की अनुमति नहीं है.**

(i) जहां परीक्षा आयोजित की जा रही है, उस परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या कोई भी संचार उपकरण लाने की अनुमति नहीं है. इन अनुदेशों का पालन न करने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और भावी परीक्षाओं में शामिल होने की अनुमति न मिलने के साथ उन पर अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी.

(ii) अभ्यर्थियों को उनके हित में यह सूचना दी जाती है कि वे मोबाइल फोन/पेजर्स जैसी निषिद्ध वस्तुएं परीक्षा परिसर में न लाएं क्योंकि इन चीजों के सुरक्षित रखरखाव का आश्वासन नहीं दिया जा सकता.

(iii) अभ्यर्थियों को परीक्षा परिसर में कैलक्यूलेटर या कम्यूनिकेशन के अन्य कोई भी साधन लाने या उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं है.

**ड. परितारिका (आईरिस) स्कैन/बायोमेट्रिक सत्यापन:**

बैंक, विभिन्न चरणों में, उम्मीदवारों के वास्तविकता के सत्यापन के लिए उम्मीदवार के आईरिस स्कैन/अंगूठे के निशान को डिजिटल रूप में कैप्चर कर सकता है. आईरिस/बायोमेट्रिक की स्थिति (मिलान या बेमेल) के संबंध में आईरिस/बायोमेट्रिक डेटा सत्यापन प्राधिकरण का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा. किसी भी स्तर पर आईरिस/बायोमेट्रिक स्कैनिंग/सत्यापन की प्रक्रिया में भाग लेने से इनकार करने से उम्मीदवारी रद्द हो सकती है.

आईरिस स्कैनिंग के संबंध में, निम्नलिखित बातें नोट की जानी चाहिए:

(क) बायीं आँख (आईरिस) कैप्चर की जाएगी.

(ख) आईरिस कैप्चर करते समय उम्मीदवार को कॉन्टैक्ट लेंस और चश्मे को निकाल देना चाहिए.

(ग) आईरिस स्कैनिंग में कोई स्पर्श शामिल नहीं है. स्कैनर और आँख के बीच आधा फीट की दूरी बनाई जाऐगी.

इन बातों का पालन करने में किसी भी प्रकार की विफलता की परिणति परीक्षा के लिए प्रवेश न देने और उम्मीदवारी रद्द करने में होगी. यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कारवाई करने के अलावा, उसकी उम्मीदवारी रद्द की जाऐगी.

बायोमेट्रिक स्कैनिंग के संबंध में, निम्नलिखित बातें नोट की जानी जाहिए:

अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करेंगे कि अंगूठे की सही निशानी विभिन्न चरणों में ली गई है और किसी भी असंगति से उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाऐगा. यदि कोई अभ्यर्थी वास्तविक नहीं पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कारवाई करने के अलावा, उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी. इस प्रकार उन्हें सलाह दी जाती है कि अपने हाथों पर मेंहदी, स्याही, रसायनिक आदि किसी बाहरी पदार्थ को न लगाए.

**ढ. सामान्य जानकारी:**

i. पद के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्तवर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है.

ii. भर्ती की किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारियाँ छिपाई हैं तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा. इनमें से यदि कोई बात उसकी नियुक्ति के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्ति की जा सकती है.

iii. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पूरी तरह से निर्धारित प्रारूप के अनुसार है और सही एवं पूरी तरह से भरा गया है.

iv. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो. यह नियुक्ति बैंक में इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय जो भी सेवा और आचरण नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी.

v. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल को सक्रिय रखें.

vi. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी.

vii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके लिए किसी आरक्षण का वर्णन नहीं किया गया है सहित, अनारक्षित श्रेणी के लिए घोषित रिक्त पदों के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र हैं बशर्ते वे अनारक्षित श्रेणी के लिए लागू पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हों.

viii. जो अभ्यर्थी सरकार/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लेकर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

ix. चयन की दशा में, अभ्यर्थी से अपेक्षा होगी कि वह नियुक्ति प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें.

x. अभ्यर्थियों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तारीख का इंतज़ार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिसकनेक्शन/अक्षमता/फेलियर की स्थिति बन जाए इन्टरनेट पर हैवी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए. यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा.

xi. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने, अन्य. परीक्षाएं और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होंगे. इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा.

xii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है.

xiii. जहां भर्ती बिना लिखित परीक्षा के और केवल साक्षात्कार लेकर की जाती है, वहां मात्र पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर ही यह पर्याप्त नहीं होता है कि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाए. बैंक के पास यह अधिकार सुरक्षित रहता है कि वह अभ्यर्थी की आयु, योग्यता, अनुभव, उपयुक्तता आदि के संदर्भ के अनुसार आरंभिक स्क्रीनिंग/छंटाई के बाद ही साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या में ही उन्हें बुलाए.

xiv. एक ही पद के लिए कई आवेदन होने की स्थिति में, अंतिम मान्य (भरा हुआ) आवेदन को ही रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण हेतु भुगतान किये गए आवेदन शुल्क/इन्टीमेशन शुल्क को ज़ब्त कर लिया जाएगा. ऑनलाइन लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में एक पद के लिए एक अभ्यर्थी द्वारा एकाधिक उपस्थिति पूर्णत: अस्वीकृत कर दी जाएगी/अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी.

xv. क्रम संख्या 1 से 6 के लिए एकाधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा और अन्य पंजीकरण के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क जब्त कर लिया जाएगा. एक ही पद के लिए अभ्यर्थी के अलग-अलग तरह से प्रस्तुत होने पर उसे तुरंत ही अस्वीकार कर दिया जाएगा/ उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा.

xvi. इस विज्ञापन और/या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/मंचों पर ही की जा सकती हैं. किसी भी मुकदमे/विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा.

xvii. लिखित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करने के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहरी अभ्यर्थियों को भारत में सबसे छोटे मार्ग के लिए एसी-III टियर (केवल मेल/एक्सप्रेस) के यात्रा किराया या वास्तविक खर्च (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जाएगी. स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी. अभ्यर्थी के पद के लिए अयोग्य पाये जाने पर उन्हें साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी.

xviii. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे.

xix. परीक्षा के संचालन में कुछ समस्या होने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है, जो परीक्षण देना और/या जनरेट होने वाला परिणाम प्रभावित हो सकता है. ऐसी स्थिति में, इस तरह की समस्या को सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, जिसमें आवश्यक होने पर दूसरी परीक्षा का आयोजन शामिल हो सकता है.

xx. साक्षात्कार के समय, अभ्यर्थी को उसके विरुध्द लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा. बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है. बैंक ऐसे प्रकटनों और/या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने को अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है.

किसी पूछताछ के लिए, कृपया हमसे लिंक "CONTACT US/post your query" लिंक के ज़रिए लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट

URL - https://bank.sbi/web/careers या https://sbi.co.in/web/careers पर उपलब्ध है.

**प्रिंटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा.**

**किसी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी में जारी विज्ञापन मान्य होगा.**

**मुंबई**
**दिनांक: 22.12.2020**

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**